# हिन्दुस्तान

गुरुवार

20 फरवरी 2025, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अष्टमी, विक्रम संवत 2081, बरेली

भरोसा नए हिन्दुस्तान का


PAGE NO 5 : MIDDLE RIGHT




श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में यश मैन ऑफ द मैच बने।

## जस एकेडमी व हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने जीते मुकाबले

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन बुधवार को ग्रुप ए में जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ और गज ग्रीन्स बरेली और ग्रुप सी में हल्द्वानी क्रिकेटर्स और हरदोई स्ट्राइकर्स के बीच मैच खेला गया। एसआरएमएस स्टेडियम में जस क्रिकेट एकेडमी ने गज ग्रीन्स बरेली को 5 विकेट से पराजित किया। जबकि हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने हरदोई स्ट्राइकर्स को 158 रनों से हराया। 4 चौकों और एक छक्के की मदद से 45 गेंदों पर 62 रन बनाने वाले जस क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज यश सिरोही और 43 गेंदों पर 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 63 रन बनाने के साथ एक विकेट लेने वाले हल्द्वानी क्रिकेटर्स के खिलाड़ी कमल सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया।